Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 18-04-2023 | अंक 543

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू विवाद में युवक ने लगाया फांसी स्थिति गंभीर, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करियातपुर निवासी सुधीर भगत उम्र 30 वर्ष पिता गंजू भगत ने घरेलू विवाद में आकर फांसी लगा लिया। हालांकि समय रहते इस बात की जानकारी आस पास के ग्रामीणों को मिली। आनन फानन में युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रेफर कर दिया गया।

### सड़क पर उड़ रही धूल, राहगीर परेशान



**अपेम लाइव : बरही**

बरही बायपास में स्थित भारत गैस एजेंसी के नजदीक मार्ग पर धूल उड़ने से राहगीर परेशान है। लोगों की यात्रा में धूल बाधक बन रही है। उड़ती धूल राहगीर की आंखों में पड़ जा रही है जिससे लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे है। विदित हो भारत गैस एजेंसी के पास एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं सौ मीटर रोड में तक गिट्टियां डालकर उसे रोलिंग कर दिया गया था। जहां गर्मी के दिनो मे पानी ना डाले जाने के कारण धूल उड़ रही है, जिससे राहगीरों की समस्या बढ़ गई है। राहगीरों को सबसे ज्यादा समस्या तब होती है जब बड़े वाहन गुजरते है। बड़ी वाहनों के पीछे चल रहे राहगीरों को धूल से कुछ दिखाई नहीं देता है। कई बार दिखाई नही देने के कारण गिरकर चोटिल भी हो चुके है। दोपहिया, साइकिल वा पैदल चल रहे लोगों को आंख कान में धूल चला जा रहा है जिससे दिखाई देने में समस्या आ रही है। जिसको लेकर आस पास के होटल संचालकों ने प्रशासन से रोड में पानी डालने का अपील किया है।

### सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने को लेकर दूसरे दिन भी चला सघन वाहन चेकिंग अभियान



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान बरवाडीह प्रखंड के कुटमु मोड़ के समीप हडपडवा बैरियर के पास चलाया गया।वाहन चेकिंग अभियान दो पहिये वाहन की डिक्की, हेलमेट,गाड़ी के कागजात की जाँच की गयी वंही चार पहिये वाहन की सिट बेल्ट डिक्की की तलाशी ली गयी।

APEM LIVE

# बरही में तीन सार्वजनिक स्थानों पर लगा वाटर एटीएम पांच साल बाद भी नही हुआ चालू

## गर्मी में गरीबों के लिए वरदान साबित होता वाटर एटीएम, किसी की नही है चिंता, सरकारी राशि का दुरुपयोग



प्रखंड परिसर में लगा वाटर एटीएम



अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में लगा वाटर एटीएम



अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगा वाटर एटीएम

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

आम जनता को मात्र एक रुपया में एक बोतल पानी आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बरही में तीन स्थानों पर लाखो रुपए की लागत से वाटर एटीएम लगाया गया है। वाटर एटीएम प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर, अनुमंडलीय अस्पताल बरही एवं अनुमंडल कार्यालय परिसर बरही में लगाया गया है। इन वाटर एटीएम के माध्यम से स्वचालित मशीन के माध्यम से एटीएम की भांति आरओ पानी उपलब्ध कराना था। इस वाटर एटीएम के माध्यम से एक रुपए के सिक्के से एक बोतल पानी आपूर्ति की व्यवस्था की गई थी। यह योजना वर्ष 2017 में फ०न्ट सिस्टम कंपनी के द्वारा बनाया गया था। जिसमे स्विच लगाया गया था। स्विच के आधार पर ही पानी निकलने की पूरी व्यवस्था की गई थी। लेकिन दुर्भाग्य की बात है की पांच साल बाद भी इन एटीएम को चालू नही कराया गया । देखभाल के अभाव में बरही प्रखंड परिसर में लगा एटीएम के कल पुर्जे भी गायब हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात की बरही में जहां जहां भी वॉटर एटीएम लगाया गया है। वहां जरूरी भी था क्योंकि उक्त तीनों स्थानों में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना रहता है। प्रखंड कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोग प्रखंड सह अंचल कार्यालय आते हैं। इन सभी के लिए यह योजना काफी उपयोगी थी। शुद्ध पेयजल मात्र एक रुपया में उपलब्ध होना आम जनता एवं दूरदराज के लोगों के लिए काफी लाभकारी था। इसी तरह बरही अनुमंडलीय अस्पताल में लगा वाटर एटीएम यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए काफी लाभकारी थी। इसी प्रकार अनुमंडल कार्यालय में लगा एटीएम भी अनुमंडल कार्यालय एवं एसडीपीओ कार्यालय में आने वाले फरियादियों के लिए उपयोगी था। खासकर गर्मी में इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। यदि ये तीनों एटीएम चालू रहता तो इस भयंकर गर्मी में काफी राहत मिलती , लेकिन अफसोस पांच साल बाद भी इसे चालू नही कराया गया। जबकि पूरा सेटप तैयार कर पांच साल पहले ही रखा गया है। केवल इंस्ट०ल करके इसे चालू कराना है। बावजूद अब तक इसको चालू नही कराया गया। इस ओर न तो सांसद,विधायक कोई रुचि ले रहे हैं और न ही स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी कोई दिलचस्पी ले रहे हैं। स्थानीय प्रशासन को भी इसकी अहमियत समझ में नहीं आ रही है।

अधिकारियों को पता ही नही है कैसे लगा और कैसे चालू होगारू प्रखंड परिसर, अनुमंडलीय अस्पताल एवं अनुमंडल कार्यालय परिसर में वाटर एटीएम लगाया गया है। लेकिन इसकी पूरी जानकारी न तो बीडीओ को है और न ही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस को है और न ही एसडीओ को ही है। इनका कहना है की किसी एजेंसी के द्वारा स्वतः लगाया गया है। उसी एजेंसी को ही ऑपरेट करना था। लेकिन अब तक इसे चालू नही कराया गया है। इससे संबंधित कोई जानकारी उनके पास नही है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा की अस्पताल में लगा वाटर एटीएम से मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी सहूलियत होती। लेकिन अब तक इसे चालू नही कराना एजेंसी की उदासीनता को दर्शाता है। क्या कहते हैं सांसद प्रतिनिधिरू सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा की वाटर एटीएम लगाने में लाखो रुपए खर्च किए गए ताकि आम जनता को शुद्ध पेयजल मिल पाए, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण पांच वर्ष बाद भी चालू होना दुखद है।

# पहाड़ पर बसा धोबघट की जर्जर सड़क की मरम्मती कार्य हुआ शुरू, ग्रामीणों में हर्ष

## विधायक के प्रति ग्रामीणों ने जताया आभार, 10 साल बाद वन विभाग करा रही मरम्मती कार्य

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

रानीचूवा पंचायत के पहाड़ पर बसा धोबघट परसातरी की जर्जर सड़क की मरम्मती का कार्य वन विभाग की ओर से शुरू कर दी गई है। सड़क मरम्मती जीतपुर से होते हुए धोबघट तक किया जाना है। प्रथम फेज में ढाई लाख की लागत से मरम्मती कार्य किया जायेगा। लेकिन जरूरत के अनुसार इस सड़क की मरम्मती के लिए जितनी राशि की जरूरत होगी, उतनी उपलब्ध कराई जाएगी। मरम्मती कार्य में जेसीबी मशीन लगाया गया है। कई ट्रैक्टर लगाया गया है। जिसके द्वारा मोरम मिट्टी की भराई की जा रही है। वन विभाग के द्वारा मरम्मती कार्य तो हो रहा है। लेकिन सड़क मरम्मती कार्य की निगरानी के लिए पांच सदस्यीय निगरानी कमेटी भी बनाई गई है। जिसके देख रेख में कार्य हो रहा है। गौरतलब हो की पिछले 13 अप्रैल को विधायक उमाशंकर अकेला, वन विभाग के अधिकारियों तथा प्रशासनिक पदाधिक. ारियों के साथ धोबघाट पहुंचे थे। जहां वन विभाग के द्वारा सड़क मरम्मती कार्य को लेकर ग्राम सभा भी हुई थी। उसी दिन निगरानी समिति का भी गठन हुआ था। जिसमे विधायक अकेला ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था की आने जाने में हो रहे परेशानी को देखते हुए पहले सड़क की मरम्मती का कार्य दो दिन के अंदर शुरू होगा। विधायक के आश्वासन को मूर्त रूप देते हुए दो दिन के अंदर ही सड़क मरम्मती कार्य वन विभाग ने शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार 2013 में ग्रेड वन सड़क बनाई गई थी। विधायक उमाशंकर अकेला के प्रयास एवं पहल पर 10 साल बाद एक बार पुनः सड़क की मरम्मत हो रही है। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मती कार्य को शुरू करवाने के लिए विधायक के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है। ज्ञात हो इसी रोड की मरम्मती के लिए श्रेय लेने की होड़ लगी थी। सबसे पहले जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य के साथ पूरे गाजे बाजे के साथ सड़क मरम्मती का कार्य की आधारशिला रखी थी। लेकिन जैसे ही इसकी भनक वन विभाग को लगी। उन्होंने दूसरे ही दिन शिलान्यास का बोर्ड उखाड़ कर अपने कार्यालय ले आई। इन्होने इस मामले में तर्क दिया की शिलान्यास बोर्ड बिना वन विभाग के बिना अनुमति से लगाया गया था। हालांकि इस पूरे प्रकरण के राजनीति हावी रही। विधायक उमाशंकर अकेला ने यह जताने का भरपूर प्रयास किया की कोई जनता को गुमराह नही कर पाए। इसलिए उन्होंने खुद धोबघट पहुंचकर ग्रामीणों को वस्. तुस्थिति से अवगत कराया। अब सड़क मरम्मती का कार्य शुरू हो जाने से ग्रामीण भी राहत की सांस ली है।



धोबघट की जर्जर सड़क की मरम्मती कार्य शुरू



दिनांक: 18-04-2023
सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर


## बरही : दस दिव्यांगो के बीच ट्राइसाइकिल का किया गया वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड परिसर में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग से दिव्यांगों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, विधानसभा विधायक प्रति. निधि छद्दू गोप, बीडीओ सी. आर. इंदवार, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, जीप प्रतिनिधि गणेश यादव एवं सीडीपीओ नीलू रानी शामिल हुई। जहां दस दिव्यांगो के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया जिसे पाकर दिव्यांग काफी खुश दिखे। वहीं जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा की यह कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों में चलाया जा रहा है। बीडीओ सी.आर. इंदवार ने कहा की दिव्यांग खुद को कमजोर नहीं समझे। आप सब भी सामान्य लोगों की तरह हर काम करने में सक्षम है सिर्फ आपके अंदर हौसला होना जरूरी है। ट्राइसाइकिल पाने दिव्यांगों में समुद्री देवी पति कृष्णा साव रसोइया धमना, सचिन कुमार पिता सुखदेव यादव कारीमाटी, पवन कुमार पिता तुलसी यादव बैरीसाल, रीना देवी सिनपुर गडलाही, दीपक कुमार यादव पिता कैलाश यादव हरीला भुइयां टोली, नारायण भुइयां पिता जगरनाथ भुइयां हरिला भुइयां टोली, प्रमोद कुमार दास पिता इंद्रदेव दास केदारूत 2, रामेश्वर राम पिता स्व बेनी राम रसोइया धमना, चमेली कुमारी रालो एवं सकुंती कुमारी खुट्वाटांड़ शामिल है। मौके पर मनोज कुमार गुप्ता, सुनीता कुमारी, कुमारी निभा, रंजीता कुमारी, राजीव रंजन प्रसाद एवं कांग्रेस नेता बीरेंद्र यादव सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थी।

## सड़क निर्माण के दौरान दुर्घटना में मजदूर की मौत

### मृतक के परिजन लाश के साथ कैम्प कार्यालय कोशमा में मुआवजा के लिए धरने पर बैठे

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा(हज़ारीबाग) : एनएच 2 बेलकपी सूर्यकुंड मोड़ के समीप सिक्सलेनिग कार्य के दौरान रात्री 12 बजे निर्माण कार्य मे लगे वाहन की चपेट में आने से सड़क निर्माण एजेंसी रा. जकेशरी प्राइवेट लिमिटेड के मजदूर 40 वर्षीय डोमन साव पिता जानकी साव गंभीर रूप सेघायल हो गए। वहीं आनन – फानन में घायल को हजारीबाग मेडिकल क०लेज रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते मे ही घायल डोमन की मौत हो गयी घटना के बाद परि. जनों व ग्रामीणों ने लाश के साथ सड़क निर्माण कम्पनी के कैम्प कार्यालय कोशमा में मुआवजा के लिए धरना पर बैठ गए ज्ञात हो सिक्स लेन चौड़ीकरण निर्माण कार्य करा रही एजेंसी की लाप. रवाही से अबतक दर्जनों लोग मौत के मुंह में समा गए। राहगीरों का मुसीबतें तो बनी ही है। निर्माण कार्य करा रही एजेंसी रा. जकेसरी प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मजदूर भी सुरक्षित नहीं हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सूर्यकुंड के समीप जीटी रोड पर निर्माण कार्य चल रहा था इसी बीच रात्रि बारह बजे के लगभग उक्त वाहन ने मजदूर को अपने चपेट में ले लिया। खबर सुनते ही गांव में मातम पसर गया वहीं परिजनों की चित्कार से उपस्थित हर किसी की आंखें नम हो गई। वहीं कंपनी की लापरवाही से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह से ही कोसमा स्थित राजकेसरी प्लांट के मुख्य द्वार पर शव को रखकर मुआवजे को मांग करने लगे घंटों बाद प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कंपनी के अधिकारी के बीच बैठक हुई। बैठक में तीन लाख मुआवजा राशि देने और इंश्योरेंस क्लेम दिलाने में सहयोग कंपनी द्वारा किए जाने के बाद सहमति बनी और तब जाकर शव को उठाया गया। बैठक में सीओ श्रीकांतलाल मांझी, गोरहर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार शाहा, बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार, कंपनी के अधिकारी सोमेन बनर्जी उर्फ कानू , जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख प्रति. निधि उमेश कुमार,जिप प्रतिनिधि सीके पाण्डेय, इंद. जीत प्रसाद, बिंदु सोनी, दिलीप सोनी, संतोष कुमार, संजय कुमार समेत लोग मौजूद थे।

## दलांगी पँचायत में 5 वर्ष में मनरेगा योजना व सड़क पर 9 करोड़ खर्च

**अपेम लाइव : बिरनी**




बिरनी प्रखण्ड मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर पर स्थित दलांगी पँचायत में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मनरेगा योजना के तहत तालाब,डोभा,टीसीबी,वृक्षारोपण, सड़क के नाम पर 5 वर्ष में 9 करोड़ रु खर्च किया गया है लेकिन पँचायत की तस्बीर नही बदली । सरकार के द्वारा जिस प्रकार पानी की तरह पैसे को बहाया गया उस तरह से न तो पूरे पँचायत में तालाब,डोभा न ही अन्य योजना को देखने को मिल रहा है । कोई तालाब या डोभा देखने के लायक नही बचा है और न ही इन डोभे,तालाब से पँचायत वासियों को कोई लाभ दिखाई दे रहा है। पँचायत के लोगो के द्वारा नाम नही छपने के शर्त पर बताया कि पँचायत के लगभग लोगो का गलत तरीके से ज०बकार्ड बना लिया गया है जो कभी घर से निकलते नही है और कई ऐसे हैं जो अन्य राज्य में रहते हैं उनलोगो का जॉबकार्ड से फर्जी तरिके से मास्टर रोल तैयार कर उनलोगों के खाते में राशि भेजकर राशि की निकासी कर बन्दरबांट किया जा रहा है । लोगो का कहना है कि यदि 5 साल की योजनाओं का भी जांच उच्च स्तरीय से हो तो करोड़ों की रिकवरी की जा सकती है । दलांगी पँचायत में 9 करोड़ रुपये 5 वर्ष में खर्च किये जाने की पुष्टि हुई है । जिसमे 17-18 में 84 लाख 24 हज़ार रुपये,18-19 में 1करोड़ 1लाख रुपये,19-20 में 1 करोड़ 40 लाख रुपये, 20-21 में 1 करोड़ 28 लाख रुपये, 21-22 में एक करोड़ 80 लाख व 22-23 में एक करोड़ 90 लाख रु खर्च किया जा चुका है ।

क्या कहते हैं मुखिया : मुखिया प्रतिनिधि सैफुल अंसारी ने कहा तस्वीर तो नही बदली है लेकिन बदलने का प्रयास किया जा रहा है ।

## मलकोको मुखिया विजय यादव ने डीएसई को किया पत्राचार, कहा विद्यालय के सुरक्षाकर्मी व चतुर्थकर्मी स्थानीय लोगों को करें सुनिश्चित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू गांव में करोड़ों की लागत से बन रहे म०डल विद्यालय का शुभारंभ जल्द होना तय है। जिसकी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। इस बाबत स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ के बरही अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने कहा कि विद्यालय आवासीय रहेगा, जिसमे सैकड़ों बच्चे रहकर पढ़ाई करेंगे, ऐसे में बच्चो के सुरक्षा के लिए तैनात होने वाले सुरक्षा कर्मी स्थानीय होंगे तो बच्चे खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे। साथ ही स्थानीय लोगो को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने डीएसई हजारीबाग, एसडीओ बरही, बीडीओ बरही से मांग किया है कि विद्यालय में तैनात होने वाले सुरक्षा कर्मी व चतुर्थ कर्मी स्थानीय लोगों को रखना सुनिश्चित करे।






## जन जागरूकता अभियान के तहत विष्णुगढ़ पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



चौथा में जन जागरूकता अभियान चलाते वकील अश्विनी उपाध्याय

सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय भारतीय कानूनों को विश्व का सर्वोत्तम कानून व्यवस्था बनाने के लिए देश भर में जन जागरण अभियान चला रहे हैं। इसी अभियान के तहत वे बगोदर विस के चौथा पहुंचे और समाजसेवी सुखदेव यादव के आवास पर रुके। जन जागरण अभियान के उद्देश्यों से उन्होंने उपस्थित लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एक समय था जब देश की कानून व्यवस्था विश्व भर में श्रेष्ठ थी। आचार्य चंद्रगुप्त, चाडक्य के समय में भारत की प्रशासनिक एवं आर्थिक व्यवस्था को सीखने के लिए अमेरिका, रोम जैसे देशों से लोग नालंदा और तक्षशिला आया करते थे। मगर आज देश की कानून व्यवस्था लचर है। देश में नोट और वोट के फायदे के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जहां नेताओं को वोट और नोट के फायदे नहीं दिख रहे हैं वहां के महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो रहे हैं। कहा कि सड़क, अस्पताल, हवाई अड्डा, हाइवे, स्कूल आदि बन रहे हैं। इसके बनने से वोट और नोट दोनों के फायदे होते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कानून एवं धर्मांतरण कानून बनाने में न वोट के फायदे हैं न नोट के, ऐसे में इस कानून को बनाए कौन? कहा कि कई देशों में विदेशी घुसपैठियों को फांसी देने का कानून है मगर भारत में नहीं है। चूंकि घुसपैठियों से नोट एवं वोट मिल रहे हैं। वे चुपके से आते हैं फिर अवैध रुप से भारतवासी होने का कागजात बनाते हैं। काग. जात बनाने में नोट मिलते हैं और फिर उनके द्वारा वोट दिए जाते हैं। उन्होंने कहा है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत संविधान निर्माताओं के सपने थे। जो आजादी के 75 साल बाद भी अधूरे हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत तभी बनेगा जब सभी के लिए एक कानून होगा। एक देश एक नागरिक कानून संहिता हो। साथ हीं विश्व भर में हमारी कानून सर्वोत्तम हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को मंदिरों पर कब्जा नहीं होनी चाहिए। उसे जनता के अधीन छोड़ देनी चाहिए। श्री उपाध्याय ने कहा कि उपरोक्त समस्याओं का परमानेंट समाधान तभी हो सकता है जब भारत में कठोर कानून व्यवस्था बनेगी। उन्होंने बताया कि देश की कानून व्यवस्था को विश्व का सर्वोत्तम कानून व्यवस्था बनाने की मांग को लेकर वे बीते 12 सालों से देश भर में जन जागरण अभियान चला रहे हैं। बताया कि सुप्रीम कोर्ट में छुट्टी की अवधि में वे यह अभियान चलाते हैं। अब तक देश के दो सौ जिलों में यह अभियान चलाया जा चुका है और देश के सभी जिलों में पहुंचकर लोगों को इसके लिए जागरूक करने का अभियान जारी रहेगा। मौके पर सुखदेव यादव, भाजपा नेता आशीष कुमार उर्फ बोर्डर, मुकेश कुमार मंडल, किशोरी राय, उमेश पांडेय, अशोक यादव, सुनील अकेला, बटेश्वर मिश्र, कमेश यादव, रामेश्वर यादव आदि मौजूद थे।

## वेदिक सोसायटी संस्था के द्वारा आदिम जनजाति के लाभुकों के बीच पोषाहार का किया गया वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : स्वयं सेवी संस्था ग्राम स्वशासन अभियान के द्वारा बेतला पंचायत के अखरा ग्राम के 12 आदिम जनजाति परिवार के बीच बेतला पंचायत सचिवालय परिसर में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया मंजू देवी , वार्ड सदस्य एवं ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी के द्वारा लाभुकों को पोषाहार का वितरण किया गया। पोषाहार वितरण में दस किलो चना, पांच किलो गुड़ ,पांच किलो अरहर दाल ,दो लिटर सरसों तेल,दो लिटर सोयाबीन लाभुकों के बीच वितरण किया गया। मौके पर वेदिक सोसायटी के प्रखंड समन्वयक ओम प्रकाश तिवारी, पंचायत समन्वयक जगत परहिया ,पूर्व मुखिया संजय सिंह,आवास मित्र उमेश कुमार बैठा समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानको की समीक्षा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में हो रहे कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत् किए जा रहे कार्यो में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए जिले के सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है।बैठक में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गई।समीक्षा क्रम में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदा. धिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी व पिरामल टीम उपस्थित थे।

## मोबाइल टावर अधिष्ठापन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मोबाइल टावर अधिष्ठापन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एलडब्लुई क्षेत्र में मोबाइल टावर के अधिष्ठापन तथा 4 जी मोबाइल टावर के अधिष्ठापन के लंबित मामलों से संबंधित समीक्षा बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने मोबाइल टावर अधिष्ठापन हेतु प्राप्त आवेदनों की प्रक्रिया एवं स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा की तथा मोबाइल टावर अधिष्ठापन संबंधित सरकार के जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन करने की बात कही । उन्होंने मोबाइल टावर अधिष्ठापन की प्रक्रिया तथा भूमि की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदन की स्वीकृति, सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं शर्तो के आधार पर अनुमोदित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे अन्य महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप व अन्य उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाली मृत्यु के रोकथाम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मगंलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में सदर एसडीओ शेखर कुमार, डीटीओ संतोष कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक कैलाश करमाली व एमवीआई सुनील कुमार मौजूद रहे। मौके पर डीटीओ ने कहा कि लाते. हार जिले में वर्ष 2021 में कुल 112 सड़क दुर्घटनाएं में कुल 92 मृत्यु हुई है एवं 2022 में कुल 127 सड़क दुर्घटनाओं में कुल 106 मृत्यु हुई हैं। वहीं वर्ष 2021 की तुलना में 2022 में 15 सड़क दुर्घटनाएं एवं कुल 16 मृत्यु की घटना में बढ़ोत्तरी हुई हैं । डीटीओ सन्तोष कुमार ने कहा कि ये आंकड़े चिंताजनक हैं क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी का मुख्य कारण तेजी एवं लापरवाही से वाहनों का परिचालन है। चालकों के द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना है जिसके लिए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियम के साथ वाहन चलाने की आवश्यकता है, ताकि इश्वर से मिले इस अनमोल जीवन को देश के विकाश हेतु लगाया जा सके । इन प्रखंडों में घटी अधि. कतम सड़क दुर्घटनाएं

लातेहार : सड़क दुर्घटनाएं– 27 मृत्यु 19
चंदवा : सड़क दुर्घटनाएं– 22 मृत्यु 17
बालूमाथ : सड़क दुर्घटनाएं– 19 मृत्यु 18
मनिका : सड़क दुर्घटनाएं– 18 मृत्यु 17
बरवाडीह : सड़क दुर्घटनाएं– 15 मृत्यु 12
कुल मृत्यु : सड़क दुर्घटनाएं– 101 मृत्यु 83

जिले में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं का 80 फीसदी इन 5 (पांच) थाना क्षेत्र में घटित हुई हैं। सड़क दुर्घटनाएं को रोकने का किए जा रहे कई काम – संतोष

सड़क दुर्घटनाओं की रोक. थाम हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर अनेकों कार्य किये जा रहे है जिससे की सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लायी जा सके। लातेहार जिले में वर्ष 2022 में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 2648 चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित काउंसलिंग किया गया।वर्ष 2022 में कुल 45 विद्यालयों में 1169 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । उधर डीटीओ ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट चलाते पकड़ाए तो प्रशासन आपको एक हजार रूपये तक फाईन काटेगा, वहीं चार पहिया वाहन चलाते समय बिना सीट बेल्ट चलाते पकड़ाने पर आपको एक हजार जुर्माना भरना पड़ सकता है।साथ ही बिना ड्राईविंग लाईसेंस के गाड़ी चलाने पर 5 हजार का जुर्माना भरना पड़ सकता है और खात बात यह है कि यदि आप अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए देते हैं तो फिर आपको प्रशासन बुलाकर चार घंटे की एक फिल्म दिखायेगी।

## राशन कार्डधारियो ने कहा-राशन मांगने पर डीलर से मिलती है धमकी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : सदर थाना क्षेत्र के पतरातू ग्राम के दर्जनों की संख्या में राशन नहीं मिलने की शिकायत लेकर कार्डधारी समाहारणालय पहुंच गए। लाभुकों ने बताया कि हम गांव के सरस्वती महिला समूह से राशन का उठाव करते आ रहे हैं, लेकिन पिछले तीन चार महिनों से राशन नहीं मिल रहा है ओर राशन मांगने पर धमकी और दुकानदार की ओर से गाली गलौज किया जाता है। साथ ही महिला लाभुकों ने बताया कि काफी मांगने पर हमें दो माह का राशन तो मिला पर एक माह का राशन अभी भी नहीं दिया गया है। वहीं कुछ महिलाओं ने कहा कि राशन की मांग की जाती है तो टाल मटोल किया जाता है और कहा जाता है कि अभी तक राशन का आवंटन नहीं आया है. इसकी जानकारी सदर एसडीओ को जब हुई तो वह महिलाओं की शिकायत सुनने खुद समहारणालय परिसर पहुंच गए और उनकी शिकायत सुनी। इसके बाद उन्होंने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आ गया है। वह मामले की जांच करवाएंग। साथ ही जांच के उपरांत जिसके भी गलती होगी उस पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## लातेहार के आदर्श विशाल के घातक गेंदबाजी में ढेर हुआ गुमला

### आदर्श विशाल ने 6.1 ओवर में 14 रन देकर लिए 6 विकेट

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : अंतर जिला अंडर 16 के चल रहे टूर्नामेंट के तीसरे मैच में लातेहार ने गुमला को 54 रन से पराजित किया । जहां लातेहार ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 वे ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 193 रन ही बना पाई । जिसमे आदर्श विशाल ने 38 गेंद पर 46, रौशन कुमार 41 गेंद 50 तथा उज्ज्वल कुमार सिंह ने 34गेंद पर 38 रन का योगदान दिया । गुमला की ओर से राहुल प्रसाद 3 तथा एकलव्य उरांव ने 4 विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी गुमला ने 36वे ओवर में आदर्श विशाल तथा अमर उरांव के घातक गेंदबाजी आगे घुटना टेकते हुए 139 रन बनाकर पूरी टीम ढेर हो गई । गुमला की ओर से मंथन 50 गेंद पर 28, आयुष राज 45 गेंद पर 29 तथा हर्ष राज नाबाद 23 रन का योगदान दिया ।लातेहार की ओर से आदर्श विशाल 6. 1 ओवर में 14 रन देकर 6 विकेट तथा अमर उरांव ने 9 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट चटकाए । मैन ऑफ द मैच लातेहार के आदर्श विशाल को मैच पर्यवेक्षक सब्बीर द्वारा पुरस्कार दिया गया । मैच के अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे । जबकि स्कोरर दीपक सेठी थे । मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह , संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, लाल आशीष नाथ सहदेव , दिलीप कुमार प्रसाद, अश्विनी सिंह , संजय गुप्ता , श्रवण महली समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे ।










डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 18-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 05

## बड़कागांव में स्थानीय नीति 1932 का खतियान एवं नियोजन नीति को लेकर चिंतन शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : गुरदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय सभागार भवन में स्थानीय नीति 1932 का खतियान एवं नियोजन नीति को लेकर चिंतन शि. विर का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता लखेंद्र ठाकुर एवं संचालन सिविल सोसाइटी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का शुभा. रंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। तत्पश्चात बारी बारी से वक्ताओं ने बैठक को संबोधित किया। एवं विषय संबंधित पर चर्चा किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि जगन्नाथपुर के पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि स्थानीय खतियान नीति पर हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है बाहरीयों का अपरदन हम लोगों के लिए खतरा बन गया है। 1932 खतियान के पर स्थानीय नीति के आधार पर नियोजन नीति लागू हो। आज हमारा बड़कागांव कि कोयला से पूरा देश जगमग हो रहा है परंतु हमारा गांव ही अंधेरे में है। इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि बड़कागांव एवं केरेडारी में जमीन के साथ-साथ खतियान को मिटाने एवं लूटने के लिए शासन एवं प्रशासन के लोग लगे हुए हैं ।इसे लेकर व्यापक रूप से जमीन और खतियान बचाने के लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वही अध्यक्षता कर रहे लखेंद्र ठाकुर ने कहा कि स्थानीय लोगों को ही वोट लेने का अधिकार होना चाहिए और बाहरियो खदेड़ने की जरुरत है। तभी हम झारखंडीयों की संपूर्ण विकास होगा। संचालक मनोज गुप्ता ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद झारखंडयों का जो विकास होना चाहिए था वह विकास नहीं दिख रहा है इस पर गहन चिंतन की आवश्यकता है। राजू महतो ने कहा कि जात पात से हटकर हमें एकजुट रहकर काम करने की आवश्यकता है तभी झारखंड का विकास संभव है। 23 अप्रैल को रांची में महा जुटान कार्यक्रम का आयोजन होना निर्धारित किया गया है अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें। मुख्य अतिथि मंगल सिंह बोबोंगा पूर्व विधायक, राजु महतो अध्यक्ष आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच झारखंड, उप प्रमुख वचन देव कुमार, प्रवीण मेहता झारखंड बचाओ मोर्चा, अनिरुद्ध कुमार अधिवक्ता, मो0 हकीम खतियानी परिवार, इलियास अंसारी मुखिया डाडीकला, मिथलेश कुमार, बालेश्वर महतो, राजेश यादव, खेमलाल महतो , रामदुलार साव, रामसेवक पूर्व प्राचार्य कर्णपुरा कालेज, सोनु इराकी, नरेश कुमार प्रेस, धानेश्वर साव शिक्षक, अरविंद कुमार, अशेषवर राम, सहित अन्य कई सामाजिक कार्यकर्ता चिन्तक उपस्थित हुए।







## नेतरहाट आवासीय विद्यालय में आयोजित की गई अंतर वर्षीय अंत्याक्षरी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडाड/लातेहार : महुआडाड प्रखण्ड अंतर्गत नेतरहाट आवासीय विद्यालय में हिंदी विभाग के द्वारा अंतर वर्षीय हिंदी कविताओं की अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता पूर्व विजेता कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के बीच आयोजित की गई जिसमें कक्षा 10 के छात्र विजयी रहे। ज्ञातव्य हो कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में हिंदी कविताओं की अंत्याक्षरी की एक विशिष्ट परंपरा है जिसमें छात्र हिंदी कविताओं की अंत्याक्षरी प्रतियोगिता करते हैं। इस कार्यक्रम में दोनों कक्षा के छात्रों के द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई तथा छात्रों ने रामधारी सिंह दिनकर, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद ,तुलसीदास, सूरदास, सहित हिंदी साहित्य के अन्य प्रसिद्ध कवियों की कविताओं का पाठ किया। कक्षा नौ के छात्र शौर्य पराशर ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की सर्वश्रेष्ठ कविता राम की शक्ति पूजा का बे. हतरीन पाठ किया वहीं कक्षा 10 के छात्र शशि कुमार ने बहुत सारी हास्य कविताओं की बेहतरीन प्रस्. तुति दी। इस प्रतियोगिता की समाप्ति पर वरीयतम शिक्षक डॉ प्रसाद पासवान ने उपविजेता दल कक्षा 9 के छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा दोनों दलों की प्रस्तुति की प्रशंसा की तथा अपनी स्व. रचित कविता के माध्यम से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित थे और उन्होंने विजेता दल कक्षा 10 के छात्रों को प्रमाण पत्र एवं विजेता टॉफी के साथ सम्मानित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की इस विशिष्ट परंपरा की तारीफ की एवं हिंदी विभाग को ऐसे विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। इस प्रतियोगिता का संचालन हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार मंडल ने किया तथा निर्णायक का कार्य डॉ सेवंती तिर्की एवं केशव कुणाल शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस ने किया यंग इंडिया के बोल सीजन – 3 का विमोचन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव के अध्यक्षता में मंगलवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया ।इस दौरान यंग इंडिया के बोल सीजन – 3 का विमोचन किया गया।ज्ञात हो कि यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्टभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं ।इस अवसर पर यंग इंडिया के लातेहार जिला के प्रभारी मणिकांत सिंह ने बताया कि जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं ।कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन – 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा ।जिला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि पुरे जिले से अधिक से अधिक संख्या मे युवाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे ।विमोचन समारोह में प्रदेश कोर्डिनेटर साजन कुमार, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष टिंकु बाबू, प्रखंड अध्यक्ष साजिद अंसारी, संतोष रजक,मुखतार,मनोज पासवान, धनंजय यादव, ज्योति प्रकाश दूबे,बिरेंदर उरांव, समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।

